एयरपोर्ट की तर्ज़ पर सँवारे जाएंगे प्रदेश के 23 बस स्टैंड

चर्चा में क्यों?

10 अक्तूबर, 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के 23 बस स्टैंड को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत एयरपोर्ट की तर्ज़ पर विकसित किये जाने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई।

प्रमुख बिंदु

- परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कैबिनेट निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि गाज़ियाबाद के साहिबाबाद, आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर और ईदगाह, मथुरा के पुराना बस स्टैंड, कानपुर के कानपुर सेंट्रल (झकरकटी), वाराणसी के कैंट, प्रयागराज के ज़ीरो रोड और लखनऊ के अमौसी बस स्टैंड को पीपीपी मोड पर बसपोर्ट विकसित करने का प्रस्ताव मंज़ूर किया गया है।
- बुलंदशहर के बुलंदशहर और मेरठ के गढ़मुक्तेश्वर को एयरपोर्ट की तर्ज़ पर बसपोर्ट बनाने का प्रस्ताव भी मंज़ूर किया गया है।
- लखनऊ के चारबाग, मेरठ के सोहराबगेट, अलीगढ़ के रसूलाबाद, गोरखपुर के गोरखपुर, अयोध्या के अयोध्याधाम, बरेली के सैटेलाइट, रायबरेली और मिर्ज़ापुर में बसपोर्ट के लिये भी प्रस्ताव तैयार किया गया है।
- उन्होंने बताया कि प्रयागराज के पुराने बस स्टैंड, कौशांबी, लखनऊ के गोमतीनगर, गाज़ियाबाद बस स्टैंड को बसपोर्ट में तैयार करने के लिये फर्म का चयन हो गया है। आगामी दिनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका शिलान्यास करेंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/twenty-three-bus-stands-of-the-state-will-be-renovated-on-the-lines-of-airports